कार्यालय :– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर जिला जशपुर (छत्तीसगढ़)

//आदेश//

क्रमांक/514 /DLSA-LADCS/2024/ जशपुर दिनांक 10-06-2024

छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के पत्र क्रमांक F.N0/1328/LADCS-23/2024 Bilaspur Date 03-05-2024 के द्वारा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के कार्यालय में स्टाफ की नियुक्ति के संबंध में इस प्राधिकरण के माध्यम से चयन समिति द्वारा प्रेषित वरीयता सूची को छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा अनुमोदन किये जाने के फलस्वरूप **दिनांक 01.05.2024 से 30.04.2025 तक की अवधि तक के लिये, पूर्णतया संविदात्मक** एवं निम्नांकित निश्चित मानदेय एवं निर्धारित शर्तों के अधीन नियुक्त किया जाता है :–

Receptionist-cum-Data Entry Operator – (संविदा)

क्र.	नाम व पिता का नाम	निवास का पता	निश्चित मानदेय
01	मखलूराम पिता श्री कंशु राम	वर्तमान पता ग्राम व पोस्ट–घुघरी खुर्द, तह. –शंकरगढ़ जिला बलरामपुर–रामानुजगंज छ0ग0	14,000/–

//नियुक्ति की शर्तें//

01. लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय भृत्य/मुंशी पद के स्टाफ की पूर्णतया संविदात्मक नियुक्ति है, जिनका कार्यालय/कार्यवधि नालसा के दिशा–निर्देशों के अनुसार ही निर्धारित किया जावेगा। वर्तमान में एक वर्ष की लिये अर्थात दिनांक **01.05.2024 से 30.04.2025** तक की अवधि के लिये नियुक्त किया जाता है।

02. लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय हेतु नियुक्त स्टाफ के द्वारा नालसा के पत्र क्रमांक एल/20/2019–नालसा दिनांक 24 अगस्त, 2022 के साथ संलग्न दिशा–निर्देया का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा, तथा उसी के अनुसार नियुक्त स्टाफ की सेवा भी समाप्त की जा सकेगी। साथ ही नालसा का पत्र क्रमांक F.N.L./20/2019-NALSA Date 11-02-2023 एवं पत्र क्रमांक N.L/20/2019-NALSA Date 14-02-2023 एवं लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित स्कीम, 2022 के प्रावधानों के

अधीन निर्धारित किये गये कार्यो को, संपादित करेंगें, यदि कार्य संतोंषजनक नही होने पर अथवा कर्तव्य पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहते है तथा आपराधिक/राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने पर भी, सेवायें बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जावेगी।

03. लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित स्कीम, 2022 में प्रावधानित अनुसार लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय के कार्य हेतु निर्धारित आचार संहिता का पालन अनिवार्यतः करेगें।

04. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक F.No. L-27/2022- NALSA prt File/4678-4714 Date 27 March, 2024 के द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें। जिसके अनुसार लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय हेतु नियुक्त स्टाफ के संविदात्मक अनुबंध की शर्तों का पालन सुनिश्चित करने हेतु नियुक्त स्टाफ उक्त पदों पर सरकारी वेतन, भत्ते या अनुलाभों को नियमित किये जाने अथवा नियमित वेतनमान प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा। संविदात्मक अनुबंध की शर्तों के अनुसार भुगतान, मानदेय के रूप में है, या स्टिनेरशिप के आधार पर है, वेतनभोगी के रूप में नहीं है।

05. नियुक्त किये गये स्टाफ के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर जिला-जशपुर (छ0ग0), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करेगें तथा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करेंगें।

06. चयनित अभ्यर्थी को अनिवार्यतः **<u>दिनांक 19.06.2024</u>** तक पदभार ग्रहण करना होगा अन्यथा उनकी नियुक्ति आदेश स्वयंमेव निरस्त माना जायेगा।

07. चयनित अभ्यर्थी छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर से प्राप्त निर्धारित शर्तो एवं नालसा के पत्र क्रमांक एल/20/2019-नालसा दिनांक 24.08.2022 के दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप संलग्न प्रारूप में नियम एवं शर्तो को मान्य करने संबंधी जानकारी भरकर कार्यालय को **<u>दिनांक 19.06.2024</u>** तक अनिवार्यतः प्रस्तुत करेंगें।

08. चयनित अभ्यर्थी पदभार ग्रहण करने के पश्चात् जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर की अनुमति के बिना अन्य किसी पद के लिए सीधे आवदेन पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे तथा अध्ययन जारी नहीं रख सकेंगें।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जशपुर जिला जशपुर छ0ग0

पृष्ठांकन क्रमांक/ /DLSA-LADCS/2024/ जशपुर दिनांक 10-06-2024

प्रतिलिपि :–

01. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की ओर उनके पत्र क्रमांक F.N0/1328/LADCS-23/2024 Bilaspur Date 03-05-2024 परिपालन में सादर सूचनार्थ।

02. चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिंल सिस्टम कार्यालय जशपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

03. श्री मखलूराम पिता श्री कंशुराम, वर्तमान पता वर्तमान पता ग्राम व पोस्ट–घुघरी खुर्द, तह.–शंकरगढ़ जिला बलरामपुर–रामानुजगंज छ0ग0 को आवश्यक रूप से **दिनांक 19.06.2024** तक कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जशपुर जिला जशपुर छ0ग0